# दैनिक जागरण आई नेक्स्ट 22/01/2024




रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर एनएसआई के नवीनीकृत मंदिर में उत्सव मनाया गया. कैंपस की कॉलोनी में स्थित मंदिर में राम दरबार की स्थापना वैदिक मंत्रोचार के बीच की गई, जिसमें एनएसआई डायरेक्टर मुख्य यजमान रहे. डायरेक्टर प्रो. नरेंद्र मोहन ने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं जो इस पल के साक्षी बने. मर्यादा पुरषोत्तम राम के जीवन से प्रेरणा लेते हुए हमें सत्य, साहस और सत्यनिष्ठा का परिचय देते हुए समाज की विसंगतियों को दूर करते हुए देश को आगे ले जाने को कर्तव्य का निर्वहन करना होगा.

सीएसए में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर जमकर उत्सव मनाया गया. कैंपस में चंद्रशेखर आजाद की मूर्ति, नंदी चौराहा और सभी डिपार्टमेंट्स में 11000 दीपों को जलाया गया. कैंपस में श्री हनुमान जी मंदिर में वीसी डॉ आनंद कुमार सिंह एवं उनकी निर्मला सिंह द्वारा भगवान श्री राम की दिव्य एवं प्राण प्रतिष्ठा की गई. वीसी ने विधिवत सुंदर कांड का पाठ किया और देश की सुख शांति और समृद्धि के साथ देश की तरक्की के लिए कामना और प्रार्थना की. कैंपस में 500 मीटर क्षेत्रफल में प्रभु श्री राम के चरित्र पर आधारित रंगोली सजाई गई.



SKS NEWS

हिन्दी दैनिक

# समाज का साथी

कानपुर नगर से प्रकाशित

कानपुर, मंगलवार 23 जनवरी-2024 

# सुंदर कांड के पाठ से कृषि विवि हुआ राममय, लगे जय श्री राम के नारे

**कानपुर।** श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा 500 वर्षों बाद प्रभु श्री राम अयोध्या में विराजे हैं। इस उपलक्ष पर भारतीय संस्कृति एवं परंपरा के अनुसार इस शुभ अवसर पर विश्वविद्यालय प्रांगण स्थित श्री हनुमान जी मंदिर में कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी निर्मला सिंह द्वारा भगवान श्री राम की दिव्य एवं प्राण प्रतिष्ठा किया गया। कुलपति ने विधिवत सुंदर कांड का पाठ किया और देश की सुख शांति और समृद्धि के साथ देश की तरक्की के लिए कामना और प्रार्थना की। इस अवसर पर प्रतिभावान छात्र छात्राओं द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में 500 मीटर क्षेत्रफल में प्रभु श्री राम के चरित्र पर आधारित रंगोली सजाई गई।जो की समाज में भाईचारा एवं समरसता का संदेश देती है। पूरे प्रांगण में श्री राम का जय जयकार किया गया। विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी, छात्र छात्राएं प्राण प्रतिष्ठा समारोह के साक्षी बने। पूरे प्रांगण में विजय पताका फहराई गई। पूरा विश्वविद्यालय राम मय हुआ।इस अवसर पर विवि के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, वार्डेन्स,प्रोफेसर एवं वैज्ञानिक, कर्मचारी व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

अंक-313 कानपुर, मंगलवार 23 जनवरी 2024 पृष्ठ-8

दैनिक

# आज का कानपुर

## कृषि विश्वविद्यालय हुआ राम मय, हुआ सुंदर कांड का पाठ, लगे जय श्री राम के नारे



आज का कानपुर

कानपुर । श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा 500 वर्षो बाद प्रभु श्री राम अयोध्या में विराजे हैं, उक्त के उपलक्ष पर भारतीय संस्कृति एवं परंपरा के अनुसार इस शुभ अवसर पर विश्वविद्यालय प्रांगण स्थित श्री हनुमान जी मंदिर में कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला सिंह द्वारा भगवान श्री राम की दिव्य एवं प्राण प्रतिष्ठा किया गया। कुलपति ने विधिवत सुंदर कांड का पाठ किया और देश की सुख शांति और समृद्धि के साथ देश की तरक्की के लिए कामना और प्रार्थना की। इस अवसर पर प्रतिभावान छात्र छात्राओं द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में 500 मीटर क्षेत्रफल में प्रभु श्री राम के चरित्र पर आधारित रंगोली सजाई गई।जो की समाज में भाईचारा एवं समरसता का संदेश देती है। पूरे प्रांगण में श्री राम का जय जयकार किया गया। विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी, छात्र छात्राएं प्राण प्रतिष्ठा समारोह के साक्षी बने। पूरे प्रांगण में विजय पताका फहराई गई। पूरा विश्वविद्यालय राम मय हुआ।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, वार्डेन्स,प्रोफेसर एवं वैज्ञानिक, कर्मचारी व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

आज महानगर
कानपुर 23 जनवरी 2024 5
वन्दन, अभिनन्दन, कौशल्या नन्दन

# सीएसए में सुंदरकांड का पाठ और दीपोत्सव से जगमगाया प्रांगण

कानपुर, 22 जनवरी। श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठ 500 वर्षों बाद प्रभु श्री राम अयोध्या में विराजे हैं, उक्त के उपलक्ष पर भारतीय संस्कृति एवं परंपरा के अनुसार इस शुभ अवसर पर विश्वविद्यालय प्रांगण स्थित श्री हनुमान जी मंदिर में कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला सिंह द्वारा भगवान श्री राम की दिव्य एवं प्राण प्रतिष्ठ किया गया। कुलपति ने विधिवत सुंदर कांड का पाठ किया और देश की सुख शांति और समृद्धि के साथ देश की तरक्की के लिए कामना और प्रार्थना की। इस अवसर पर प्रतिभावान छात्र छात्राओं द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में 500 मीटर क्षेत्रफल में प्रभु श्री राम के चरित्र पर आधारित रंगोली सजाई गई।जो की समाज में भाईचारा एवं समरसता का संदेश देती है। पूरे प्रांगण में श्री राम का जय जयकार किया गया। विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी, छात्र छात्राएं प्राण प्रतिष्ठ समारोह के साक्षी बने। पूरे प्रांगण में विजय पताका फहराई गई। पूरा विश्वविद्यालय राम मय हुआ। शाम को सीएसए में बड़े हर्षोल्लास के साथ दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह द्वारा परिवार सहित विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन, सरस्वती प्रतिमा, चंद्रशेखर आजाद प्रतिमा, नंदी चौराहे आदि स्थानों पर 11000 से दीपक प्रज्वलित किए गए। परिसर में सुंदरकांड का भी आयोजन किया गया। इस दौरान सीएसए के अधिकारी गण, निदेशक गण संकाय सदस्यों, कर्मचारी तथा विश्वविद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं सहित 700 से अधिक संख्या में प्रतिभाग किया गया।



दीप जलाते सीएसए के कुलपति व अन्य।

# में भक्तों की भीड़, प्रसाद बांटा गया

र
में
का
ने
ा-



अमर उजाला 22/01/2024

# सीएसए में हुआ सुंदरकांड का पाठ

कानपुर। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सीएसए संस्थान राममय नजर आया। विवि के रिसर्च शोध परिसर में बने हनुमान के मंदिर में सुंदरकांड हुआ। विवि के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने पत्नी निर्मला सिंह के साथ मंदिर में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की प्रतिमा स्थापित की गई। छात्र-छात्राओं ने 500 मीटर की परिधि में श्रीराम के चरित्र पर आधारित सुंदर रंगोली सजाई। (संवाद)